हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 25 अक्टूबर 2024
[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]

तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

13 मांगों को लेकर शिक्षकों ने की हड़ताल, शहर में निकाली रैली



14 एक शिक्षक के भरोसे संचालित हो रहा है कुरुद का सीबीएसई स्कूल



**खबर संक्षेप**

### जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता रूद्री में आज

**धमतरी।** जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 25 अक्टूबर को खेल मैदान रूद्री में किया जा रहा है। इसमें विकासखण्ड स्तर पर विजेता खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। बता दें कि विकासखण्ड स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता धमतरी जिले के चारों विकासखण्ड में 16 अक्टूबर से 18 अक्टूबर के मध्य आयोजित किया गया, जिसमें 02 आयु वर्ग में 09 से 18 आयु वर्ग तक एवं 18 से 35 वर्ष तक आयु वर्ग के महिला खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिसमें कुल 377 खिलाड़ी विजेता रहे। इन खिलाड़ियों को सुबह 9 बजे रूद्री स्थित खेल मैदान में उपस्थित होने कहा गया है।

### हसदा में लोक नृत्य कार्यक्रम 31 को

**मगरलोड।** ग्राम हसदा नं. 1 के नीम चौक में नयी मुस्कान युवा संगठन के तत्वाधान में दीपावली के शुभ अवसर पर 31 अक्टूबर को गुरुवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य (सुवा, करमा, ददारिया, पंथी, राउत नाचा, भक्ति) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसमें प्रथम पुरस्कार 5001 रु., द्वितीय पुरस्कार 3001 रु., तृतीय पुरस्कार 2001 रु., चतुर्थ पुरस्कार 1501 रु. रखा गया है। प्रवेश शुल्क 150 रु. रखा गया है। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर समिति के सदस्य जुटे हुए हैं।

कपड़ा, सराफा, आटोमोबाइल, वाहन, जमीन, इलेक्ट्रिकल, मनिहारी आदि में हुआ लगभग 10 करोड़ का लेन देन, आज भी रहेगा शुभ मुहूर्त

# पुष्य नक्षत्र पर हुई खरीदारी, शहर में हुआ करोड़ों का व्यापार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

गुरूवार को गुरू पुष्य नक्षत्र होने की वजह से शहर के बाजार में जमकर खरीदारी हुई। शुभ मुहूर्त 12.30 बजे के बाद बाजार में शाम तक खूब रौनक रही। कपड़ा, सराफा, आटो मोबाइल, वाहन, जमीन, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रानिक, मनिहारी, फर्नीचर, आर्टिफिसियल आदि की दुकानों में एक दिन में लगभग 10 करोड़ का व्यापार हुआ। दिवाली के पहले शुभ मुहूर्त होने के कारण ग्राहक दिवाली की खरीदारी पहले से ही कर लिए।

पं. सूरज तिवारी ने बताया कि पुष्य नक्षत्र पर कोई भी वस्तु खरीदना फलदायी होता है। धातु की वस्तुएं खरीदने से व्यक्ति के जीवन में अक्षय ऊर्जा की प्राप्ति होती है।






ज्योतिषाचार्य पं. शिवप्रसाद त्रिपाठी ने बताया कि गुरूवार को गुरू पुष्य नक्षत्र 12.30 बजे से प्रारंभ हुई जो शुक्रवार को 11.30 बजे तक रहेगा। ग्राहक अपनी खरीदारी शुक्रवार को शुभ मुहूर्त तक कर सकते हैं।

शहर के रामबाग, सदरबाजार, इतवारी बाजार, गोलबाजार, घड़ी चौक, रायपुर रोड, बठेना चौक, रत्नाबांधा चौक, अम्बेडकर चौक, बस्तर रोड, रूद्री रोड सहित सभी चौक, इलाकों में खरीदारी के लिए ग्राहकों की भीड़ रही। इस बीच दुकानदारों ने भी कोई कमी नहीं छोड़ी। दुकानों को आकर्षक रूप से सजाकर, शुभ मुहूर्त पर खरीदी करने पर विशेष छूट का आफर दिया।

टीवीएस शो रूम स्कूटर हाउस के संचालक अमित जैन ने बताया कि पुष्य नक्षत्र पर उनके प्रतिष्ठान में 14 गाड़ियों की एडवांस बुकिंग थी। जिसमें सभी किस्म के दोपहिया वाहन शामिल थे। ग्राहकों ने अपनी पसंद की कलर व वाहन एडवांस में बुकिंग कराए थे। जिसका डिलीवरी गुरूवार को शुभ मुहूर्त में हुआ। इसके अलावा गुरूवार को 30 से अधिक दोपहिया वाहन तत्काल बिका। श्री जैन ने बताया कि गत वर्षों की अपेक्षा इस साल व्यापार अच्छा चल रहा। लोगों का अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। उन्होंने बताया कि जूपिटर का नया माडल 110 सीसी, बैटरी वाला टीवीएस आई क्यूब स्कूटी की खूब मांग है। स्कूटी पर 17300 रूपये तथा बाइक में 4500 रूपये का कैश बैक आफर है।

सीजी ट्रेक्टर (स्वराज) के संचालक अनिल साहू ने बताया कि पुष्य नक्षत्र में नए ट्रेक्टरों की खूब बिक्री हुई। शुभ मुहूर्त व ट्रेक्टर की बुकिंग में दिवाली, त्योहार के मद्देनजर ट्रेक्टर की बुकिंग में 15 हजार रूपये जमा करने पर 21 हजार की रसीद दी जाएगी। यह आफर दिवाली तक रहेगा। ट्रेक्टरों की खरीदी पर स्पॉट में ही फाइनेंस सुविधा दी जा रही है। श्री साहू ने बताया कि 50 एचपी की ट्रेक्टर खरीदी पर 5 हजार रूपये की डीएलआर लाइट फ्री में दी जा रही है। इस तरह उनके तरफ से एक ट्रेक्टर खरीदने पर डबल आफर दिया जा रहा है।

आमंत्रण ज्वेलर्स के संचालक ज्ञानचंद लुनावत ने बताया कि गुरूवार को पुष्य नक्षत्र पर व्यापार उम्मीद से बढ़कर हुआ। शुभ मुहूर्त पर ग्राहकों ने सोने चांदी के बिस्किट व आभूषण की जमकर खरीदारी की। चूंकि ऐसा मुहूर्त 100 वर्ष में एक बार आता है इसलिए लोगों ने दिवाली की खरीदी गुरूवार को ही कर ली।

# बीच-बचाव कर रहे डाक्टर पर धारदार चाकू से हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मित्र के साथ हो रहे झगड़े में बीच-बचाव कर रहे डाक्टर पर युवकों ने चाकू से हमला कर घायल कर दिया। घायल डाक्टर का जिला अस्पताल में उपचार जारी है।

■ बस स्टैण्ड की घटना

एफआईआर के अनुसार धमतरी निवासी डॉ. भूपेन्द्र टण्डन पिता नंदलाल उम्र 31 वर्ष कुकरेल प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में मेडिकल आफिसर के पद पर पदस्थ है। बुधवार की रात्रि डॉ. भूपेन्द्र बस स्टैण्ड स्थित अपने मित्र सौरभ अग्रवाल के लक्की भोजनालय में गया था। इसी दौरान कबाड़ी व चूड़ी दुकान के पास राम ट्रेव्हल्स की बस को खड़ी कर दिया गया था, जिसे लक्की भोजनालय के संचालक सौरभ अग्रवाल गुजराती कालोनी निवासी द्वारा फोन



करके बस को हटवाने के लिए कहा गया। जिस पर राम ट्रेव्हल्स के अभिनव उर्फ लवली तिवारी अपने दोस्तों के साथ भोजनालय के पास पहुंच बस हटवाने वाले तुम कौन होते हो, कहकर अश्लील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए संचालक से मारपीट शुरू कर दिया। अपने मित्र के साथ लड़ाई-झगड़ा करते देख वहां मौजूद डॉ. भूपेन्द्र टण्डन व दुकान के कर्मचारियों ने बीच-बचाव करने का प्रयास किया। इसी दौरान आरोपियों ने सौरभ के बायां भुजा में चाकू से हमला कर दिया। वहीं डाक्टर पर भी दो-तीन बार चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में डाक्टर के बायें पसली के नीचे व अन्य जगह चोट आई है। घटना के बाद आरोपी वहां से भाग गए। सौरभ की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी लवली उर्फ अभिनव तिवारी व उसके साथियों के खिलाफ धारा 115-2, 118-2, 296, 3-5, 351-2 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। वहीं घायल डाक्टर को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां चाकूबाजी में घायल चिकित्सक का उपचार जारी है। वहीं घायल का उपचार कर रहे डॉ. उत्कर्ष नंदा ने बताया कि घायल डाक्टर की स्थिति स्थिर है। एक्स-रे व सोनोग्राफी की रिपोर्ट आने पर आगे उपचार किया जाएगा।

### डाक्टर पर हमला करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार



रविवार की रात्रि बस स्टैण्ड स्थित लक्की भोजनालय के सामने डाक्टर भूपेन्द्र टण्डन पर चाकू से हमला करने वाले आरोपी अभिनव उर्फ लवली तिवारी पिता विद्यासागर उम्र 35 वर्ष निवासी आमातालाब रोड गली, सूरज रजक उर्फ श्रवण पिता गजानंद रजक 27 वर्ष नयापारा वार्ड व आशुतोष तिवारी पिता एमएल तिवारी उम्र 24 वर्ष आमातालाब रोड गली निवासी को गिरफ्तार कर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। घटना में शामिल एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है।

### विभिन्न कोर्स में प्रशिक्षण लेने आवेदन 5 तक

**धमतरी।** राज्य शासन द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में विभिन्न कोर्स में प्रवेश प्रारंभ है। 18 से 45 साल तक की आयु के इच्छुक आवेदक सिविल कोर्ट के पास स्थित लाइवलीहुड कॉलेज में उपस्थित होकर 5 नवम्बर तक आवेदन जमा कर सकते हैं।

**पाठक सूचना**

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969



## खबर संक्षेप

### करेली बड़ी में सुआ नृत्य स्पर्धा 30 को

**मगरलोड।** समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम करेली बड़ी में छत्तीसगढ़ की पारम्परिक सुआ नृत्य का आयोजन हाई स्कूल मैदान में धनतेरस के दिन 30 अक्टूबर को आयोजित की गई है। जिसमें आकर्षक पुरुस्कार रखा गया है। सामूहिक नृत्य में प्रथम पुरुस्कार 5001, द्वितीय इनाम 3001, तृतीय इनाम 1501, चतुर्थ 1001, पंचम इनाम 501 रुपये है। इसी तरह एकल/युगल नृत्य में प्रथम 1001, द्वितीय 801, तृतीय 601, चतुर्थ इनाम 401, पंचम इनाम 201 रुपये है। इसके अलावा आयोजक समिति द्वारा अन्य पुरुस्कार दिया जायेगा। बेस्ट वेशभूषा ग्रुप 151, बेस्ट संगीत ग्रुप 151, बेस्ट वेशभूषा एकल/ युगल 101, बेस्ट संगीत 101 रुपये रखा गया है। स्पर्धा में भाग लेने के लिए खुमेंद्र साहू, दानेश्वर सिन्हा, मिथलेश सिन्हा से संपर्क किया जा सकता है।

### दुगली स्कूल में शहीद निर्मल को किया याद

**सांकरा।** पुलिस स्मृति दिवस पर शहीद निर्मल नेताम को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। उल्लेखनीय है कि शाउमावि दुगली से शिक्षा प्राप्त शहीद आरक्षक निर्मल नेताम पिता स्व. मोहन नेताम निवासी कौहाबाहरा थाना दुगली जिला दंतेवाड़ा में आरक्षक के पद पर कार्यरत थे। 18 मार्च 2017 को जिला दंतेवाड़ा के ग्राम बुरगुम के डोरेपारा में हुई पुलिस नक्सली मुठभेड़ में अपने अदम्य साहस का परिचय देते हुए शहीद हो गये। 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस पर शाला प्रांगण में जवान की शहादत को नमन किया गया। स्कूल के अन्य विद्यार्थियों में देशप्रेम की भावना जागृत करने एवं पुलिस सेवा से जुड़ने हेतु प्रेरित भी किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ललित सोम, वरिष्ठ शिक्षक अजय ग्वाल, शैलेन्द्र कौशल, राजेंद्र नेताम, गिरधर, दुष्यंत नेताम, पवन साहू, शिक्षिका भावना सोरी, वर्षा रंगारी, रूपा यादव, कौहाबाहरा थाना के प्रधान आरक्षक सत्येंद्र दीक्षित व अन्य आरक्षक उपस्थित थे।

गुप्त व यौन रोग कमजोरी
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व विशेष इलाज चर्म रोग, वात रोग, बवासीर संपर्क करें।
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, अंगारमोती मेडिकल ई-स्टोर के पास, बस्तर रोड, जोधापुर, धमतरी मो. 9174466336

**न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 01 धमतरी जिला धमतरी छ.ग.**
**उपस्थित समंस**

प्रकरण क्र. 05/2022 पेशी दिनांक 12/11/2024
प्रोसेस क्र. 407/2024
पुन्नी व अन्य .................................... आवेदकगण
बनाम
आम जनता व अन्य .........................अनावेदकगण
प्रति,
श्रीमती स्मिता पति शत्रुघ्न पिता स्व. प्रीतम निर्मलकर जाति निर्मलकर देवांगन उम्र 40 साल निवासी- सुभाष नगर धमतरी पोस्ट+थाना+तहसील+जिला धमतरी छ.ग.

आपको एतद् व्दारा सूचित किया जाता है कि पुन्नीबाई व अन्य निवासी सुभाष नगर वार्ड धमतरी थाना+तहसील+जिला धमतरी छ.ग. के व्दारा इस न्यायालय में धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उपरोक्त आप श्रीमती स्मिता पति शत्रुघ्न जो प्रीतम निर्मलकर की पुत्री है को इस न्यायालय में इस प्रकरण में प्रतिरक्षा किये जाने वाले समस्त दस्तावेजों सहित स्वयं या प्लीडर या अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 12/11/2024 दिन गुरूवार को 11 बजे न्यायालय में उपस्थित होवे।

आपकी अनुपस्थिति में न्यायालय में उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक 12/11/2024 को अवकाश घोषित हो जाता है तो अगले कार्य दिवस पर प्रकरण की सुनवाई किया जावेगा।

आज दिनांक 14/10/2024 को मेरे पद मुहर लगाकर जारी किया गया है।
दिनांक-14/10/2024

(मोहन सिंह कोर्राम)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी
धमतरी, जिला धमतरी (छ.ग.)

चंदनबाहरा, फरसगांव, ठोठाझरिया, बिरनासिल्ली पहुंचकर की लोगों से रू-ब-रू चर्चा, योजनाओं के क्रियान्वयन की ली जानकारी

# कलेक्टर ने बाइक पर सवार होकर वनांचल क्षेत्र का किया दौरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कलेक्टर नम्रता गांधी ने आज वनांचल क्षेत्र नगरी के दूरस्थ ग्राम चंदनबाहरा, फरसगांव, ठोठाझरिया, बिरनासिल्ली का मोटर सायकल पर सवार होकर दौरा किया। इस दौरान कलेक्टर के साथ पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर ने इन गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों से रू-ब-रू चर्चा की और फसल चक्र परिवर्तन के लिए लोगों को प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि आने वाली पीढ़ी को पानी की कमी का सामना ना करना पड़े, इसके लिए हमें गिरते हुए भूजल स्तर को ध्यान में रखकर जल संरक्षण की दिशा में कार्य करना है।





कलेक्टर ने जल एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए फसल चक्र परिवर्तन करने की बात कही। उन्होंने कहा कि ग्रीष्मकालीन धान के बदले आप सभी दलहन, तिलहन और नगदी फसल लें। इसके लिए कलेक्टर ने जिले के परसतराई और रावां आदि गांवों के किसानों का उदाहरण भी दिए, जिन्होंने स्वप्रेरणा से फसल चक्र परिवर्तन को अपनाया और भूजल स्तर बढ़ाने में सहभागी बनें। इस दौरान आंगनबाड़ी, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राहियों के निर्माणाधीन आवास, सड़क और स्कूल का मुआयना किया तथा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

## मानस प्रथमाक्षरी में जीजामगांव प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

छग प्रांतीय संस्कृति महोत्सव में सरस्वती शिशु मंदिर जीजामगांव के शिशुवर्ग में कक्षा चतुर्थ में अध्ययनरत एकता, हार्दिक, केजल पटेल ने मानस प्रथमाक्षरी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। बाल वर्ग में संस्कृति ज्ञान प्रश्नमंच में चितरेखा, हर्ष पाले, नेहा साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं ग्राम को गौरांवित किया।




इस उपलब्धि पर सभी आचार्य डिगेश्वर पटेल, हेमा साहू, इंदिरा साहू, यशोदा साहू, फलिता साहू, तुलसी निषाद, मनीषा निषाद, बिंदु साहू और अंगीता यादव ने हर्ष व्यक्त किया है।

मानस प्रथमाक्षरी के छात्र 23 से 25 अक्टूबर तक क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव रायपुर में छत्तीसगढ़ प्रांत का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह जानकारी प्रधानाचार्य द्वारा दिया गया।

## हिन्दू जागरण मंच की सिर्वे में युवाओं के साथ बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)

गुरूवार को हिन्दू जागरण मंच धमतरी द्वारा ग्राम सिर्वे(भखारा मंडल) में हनुमान चालीसा पाठ के पावन अवसर पर जिला संयोजक प्रवीण साहू, सहसंयोजक पुरूषोतम निषाद द्वारा बैठक लेकर हिन्दू जागरण मंच के प्रमुख आयाम एवं उद्देश्य हिंदुओं को जागृत करना, संगठित करना, सक्रिय करना इन लक्ष्यों को लेकर ग्राम सिर्वे के आत्मीय युवाओं को कर्तव्य का बोध कराकर दायित्व दिया गया।



इस अवसर पर गांव के प्रमुख बंधुगण पिंकेशवर साहू, खिलेश्वर चक्रधारी, टीकम निषाद, सोनजीत साहू,संजय साहू, चंद्रहास यदु, गौरव साहू, यज्ञेंद्र साहू, प्रवीण निर्मलकर, पेमन साहू, पवन निर्मलकर, परमेश्वर साहू,यशंवत साहू आदि उपस्थित थे।

हिन्दू जागरण मंच के पदाधिकारी गण रंजीत साहू(प्रांतीय) जनेंद्र शर्मा, इंद्रेश साहू, हरिश्चंद्र साहू, नगर संयोजक धमतरी उमेश साहू, सहसंयोजक अर्पित बैसवाड़ा अन्य पदाधिकारी आशीष शर्मा, सुनील सोलंके, टाकेश साहू, रत्नम सोनी, मन्नू चंद्राकर, नगरी से हितेंद्र सिन्हा मासूम खरे, संतराम साहू , गगन नेताम, वासुदेव यादव, आदित्य ताम्रकार, रौनक खनूजा, विपिन सोनी, रूपेश साहू, नरेंद्र साहू, उदित नारायण ध्रुव, लगातार जिले में समाज को जागृत कर संगठित करने के लिए जागरण अभियान चला रहे हैं।

## अंवरी स्कूल में त्रैमासिक परीक्षा का रिजल्ट घोषित




हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)

शाउमावि अवरी में कक्षा 9वी से 12वीं तक मिशन अव्वल के अंतर्गत त्रैमासिक परीक्षा परिणाम प्राचार्य पीएन साहू की उपस्थिति में परीक्षा प्रभारी केशवलाल यादव द्वारा घोषित किया गया। कक्षा 12वीं में प्रथम नोमिन 73%, द्वितीय दीपक 72%, 11वीं प्रथम उत्तम साहू 89.7 %, द्वितीय डीगेश धीवर 89.5%, कक्षा 10वीं प्रथम काजल 83%, द्वितीय तमन्ना 64%, कक्षा 9वी से महिमा 87%, द्वितीय ईशा 83% के साथ उत्तीर्ण हुए। जिन्हें संस्था प्रमुख व सभी शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा पुरष्कृत किया गया। यह जानकारी लालबहादुर साहू ने दी है ।

## पति की दीर्घायु के लिए महिलाओं ने रखा उपवास



हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)

ग्राम दरगहन सहित आसपास के महिलाओं ने अपने पति की दीर्घायु के लिए कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को करवाचौथ व्रत का त्योहार मनाया गया जिसमें महिलाओं ने दिनभर निर्जला उपवास रखा और शाम को अपने पति और चंद्र का दर्शन कर अपना व्रत तोड़ा। श्री चुनेश्वर यादव ने बताया कि उनके पत्नी हर साल करवा चौथ का उपवास रखती हैं और अपनी सास ससुर को वस्त्र दान करती हैं और आशीर्वाद लेती हैं।

## फसल चक्र परिवर्तन और जल संरक्षण के लिए ग्रामीणों को किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद की रासेयो अधिकारी रेणु पाटले के नेतृत्व में ग्राम कातलबोड़ में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर में शिविरार्थियों ने ग्रामवासियों को फसल चक्र परिवर्तन और जल संरक्षण के महत्व को समझाते हुए इसे अपनाने के लिए प्रेरित किया। इसके अंतर्गत जल संरक्षण की स्थाई व्यवस्था के रूप में ग्राम पंचायत की सहायता से शिविरार्थियों द्वारा सोखता गड्ढों के निर्माण एवं नली निर्माण में श्रम दान दिया गया।

ग्रामवासियों को प्रेरित करने के लिए नुक्कड़ नाटक के द्वारा उन्हें समझाया गया कि सोखता गड्ढा न केवल वर्षा जल का संचयन करता है, बल्कि भू– जल स्तर को भी बनाए रखने में सहायक होता है। इस सात दिवसीय विशेष शिविर में हर दिन ग्राम संपर्क के दौरान शिविरार्थियों ने घर घर जा कर ग्राम वासियों को फसल चक्रीकरण का महत्व समझाते हुए सर्वे भी किया। जिससे पता चल सके कि क्या ग्राम में फसल चक्रीकरण अपनाया जाता है या नहीं। साथ ही ग्रामवासियों को समझाया गया कि फसल चक्र परिवर्तन से मिट्टी की




उर्वरता बनी रहती है और पैदावार में वृद्धि होती है तथा विभिन्न प्रकार की फसलों की बुआई से भूमि में पौष्टिक तत्वों का संतुलन बना रहता है। इससे न केवल मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार होता है, बल्कि किसानों की आय में भी वृद्धि होती है। इस सात दिवसीय विशेष शिविर में शिविरार्थियों ने विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से स्वच्छता, स्वास्थ्य, नशा मुक्त, डिजिटल साक्षरता, महिला सुरक्षा एवं कानून, योग जैसे विभिन्न विषयों पर ग्रामवासियों को जागरूक करने का प्रयास भी किया।

## भोलाराम की बाल कहानी छेरछेरा को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

एससीईआरटी एवं रुम टू रीड इंडिया छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में राज्य स्तरीय पठन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन न्यूसर्किट हाउस रायपुर में किया गया। बाल कहानी छेरछेरा लिखने पर कहानीकार भोलाराम सिन्हा ग्राम डाभा, विकासखंड मगरलोड, जिला धमतरी निवासी ,शासकीय प्राथमिक शाला कमारिनमुड़ा में पदस्थ शिक्षक को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। युवा कहानीकार का यूएसएआईडी, समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ शासन, रूम टू रीड इंडिया द्वारा चयनित श्री सिन्हा की बाल कहानी छेरछेरा को प्रकाशित कर समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ शासन




व रूम टू रीड इंडिया द्वारा इस छेरछेरा बाल कहानी को चौदह भाषाओं में अनुवाद कराया गया है। निकट भविष्य में छत्तीसगढ़ के सभी प्राथमिक शालाओं में भेजी जाएगी। श्री सिन्हा के अनुसार बाल कहानियाँ बच्चों में आत्मविश्वास व सृजनशीलता बढ़ाती है। इस कहानी के चित्रों को चित्रकार भार्गव कुलकर्णी ने बनाया है।

इस अवसर पर रुम टू रीड के प्रोग्राम ऑपरेशन डायरेक्टर डॉ भाग्यक्ष्मी बालाजी, एससीईआरटी से डिकेश्वर वर्मा, उपसंचालक एससीईआरटी से पुष्पा किस्पोट्टा यूएसएआईडी से डॉ पूनम स्मिथ, खैरागढ़ विश्वविद्यालय से कपिल शर्मा, सुश्री रागिनी सिंह, डाइट कोरिया से अनिल बंजारे, मुकेश रुम टू रीड मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## प्रिया को मिला समता साहित्य भूषण सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

महर्षि वाल्मीकि जयंती पर भारतीय दलित साहित्य अकादमी छग राज्य एवं साप्ताहिक छत्तीसगढ़ साथी के संयुक्त तत्वावधान में प्रादेशिक सम्यक प्रबोधन सम्मेलन का आयोजन गोंडवाना भवन धमतरी में किया गया। इसमें राजिम अंचल की युवा साहित्यकार सुश्री प्रिया देवांगन को उनके बाल साहित्य, लघुकथा, कहानी लेखन एवं काव्य रचनाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हेतु शॉल, श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र देकर समता साहित्य भूषण की मानद उपाधि से अलंकृत किया गया। उनकी रचनाएं भारत के विभिन्न राज्यों सहित अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के समाचार पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुकी हैं। उल्लेखनीय है कि यह संस्था विगत 40 वर्षों से अलग-अलग क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभाओं का सम्मान करती आ रही है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक धर्मेंद्र कुमार श्रवण, विशिष्ट अतिथि शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छग के संस्थापक संजय कुमार मैथिल, श्रीमती मीना भारद्वाज




अध्यक्ष शिकप्र अकादमी एवं श्रीमती सुशीला देवी वाल्मीकि थे। अध्यक्षता भारतीय दलित साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ राज्य के प्रांत अध्यक्ष जीआर बंजारे ज्वाला ने की। उनकी इस उपलब्धि पर वरिष्ठ साहित्यकार अरुण निगम, ईश्वर साहू, जितेंद्र वर्मा, शोभा मोहन श्रीवास्तव, बलराम चंद्राकर, रामेश्वर शर्मा, बोधनराम निषाद, अशोक पटेल, टिकेश्वर सिन्हा, तुषार शर्मा सहित अनेक लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

देवांगन समाज की मांग पर ओंकार साहू ने घोषणा की थी

# विधायक ने डोड़की में टीन शेड निर्माण का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम पंचायत डोड़की में विधायक ओंकार साहू ने देवांगन समाज की मांग पर टीन शेड की घोषणा की थी। इसका भूमिपूजन कर बुधवार को कार्य की शुरुआत की गई। विधायक निर्वाचन होने के बाद श्री साहू लगातार क्षेत्र में दौरा कर लोगों के मांगों के अनुरूप कार्यों की स्वीकृति प्रदान कर रहे हैं । इस दौरान देवांगन समाज के प्रतिनिधियों द्वारा टीन शेड की मांग रखी गई थी। जिसे धमतरी विधायक ओंकार साहू ने सहज स्वीकार कर पूरा किया। श्री साहू ने



कहा आप लोगों की मांग पूरी कर के उन्हें आत्मिक खुशी हो रही है। विधायक ने कहा कई धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम होते हैं। बरसात व तेज धूप निकल आने से बाधा उत्पन्न होती रही हैं। लेकिन अब परेशानी नहीं होगी। अब सभी कार्यक्रम सुचारु रूप से सम्पन्न हो पाएंगे। इस भूमि पूजन कार्यक्रम में धमतरी विधायक के साथ महापौर विजय देवांगन, जनपद अध्यक्ष मनीषा साहू, सरपंच प्रदीप सिन्हा, जीवराखन देवांगन जोन अध्यक्ष, भोलेनाथ देवांगन पूर्व अध्यक्ष देवांगन समाज, अश्वनी सिन्हा, नोमेश सिन्हा, मनीलाल देवांगन अध्यक्ष अछोटा मण्डल, रामरतन देवांगन, सोहन देवांगन, योगेन्द्र देवांगन, योगेश्वर देवांगन, संतोष देवांगन, भीम देवांगन, दुलारू राम ध्रुव, ईश्वर सिन्हा, मुरार बांधे, प्रदीप ध्रुव, श्रीराम सिन्हा, रामभरोसा साहू, किसन सिन्हा साथ में बड़ी संख्या में मातृ शक्ति व ग्राम वासियों की उपस्थिति रही।

Pride of Dhamtari

गितिका ऑटो डील
आटो पार्टस एवं सर्विसिंग सेंटर
बाजार चौक मेन रोड सिरसिदा
हमारे यहां सभी प्रकार के चारपहिया एवं दोपहिया गाड़ियों की खरीदी-बिक्री, रिपेयरिंग, सर्विसिंग एवं नाम ट्रांसफर का काम किया जाता है
प्रो.टोमन साहू 97530-65484, 62682-66559
त्यौहारी ऑफर
नवरात्रि से दीपावली पर्व तक दोपहिया वाहन में एक वर्ष का इंश्योरेंस फ्री एवं चारपहिया वाहन खरीदी पर चांदी का सिक्का फ्री

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

श्री
।। पितृ कृपा ।।
बालाजी मार्बल
रायपुर रोड, सत्योम हीरो के बाजू, धमतरी
77728-98771, 77729-33254
ग्रेनाइट . मार्बल . टाईल्स . कोटा स्टोन . तुलसी चौरा . मार्बल मंदिर... आदि रायपुर रेट में उपलब्ध
ग्रेनाईट
मार्बल
टाईल्स
कोटा स्टोन
तुलसी चौरा
मार्बल मंदिर

मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# मांगों को लेकर शिक्षकों ने की हड़ताल, शहर में निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





छग शिक्षक संघर्ष मोर्चा के प्रांतीय आह्वान पर धमतरी के शिक्षकों ने गुरुवार को गांधी चौक मैदान में धरना प्रदर्शन किया। इसके बाद शहर में रैली निकालकर कलेक्टोरेट पहुंचे, जहां मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। मोर्चा के डा.भूषणलाल चंद्राकर, दौलत ध्रुव, दिनेश पांडे, देवनाथ साहू, शैलेंद्र पारिक, हुलेश चंद्राकर आदि ने धरना को संबोधित करते हुए कहा कि मोर्चा के पांच सूत्रीय मांगों में सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर कर समस्त एलबी संवर्ग को क्रमोन्नत वेतनमान, समतुल्य वेतन में सही वेतन का निर्धारण, पूर्व सेवा अवधि की गणना करते हुए समस्त शिक्षक एलबी संवर्ग की पुरानी पेंशन का निर्धारण, केंद्र सरकार द्वारा 2 दिसंबर 2008 को जारी आदेश के समान 33 वर्ष में पूर्ण पेंशन के स्थान पर 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन का प्रावधान करने, उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा याचिका में डबल बेंच द्वारा पारित निर्णय के तहत सभी पात्र एलबी संवर्ग के शिक्षकों के लिए क्रमोन्नति, समयमान का विभागीय आदेश करने, शिक्षक व कर्मचारियों को केंद्र के समान 1 जुलाई 2024 से तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता, जुलाई 2019 से तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता, जुलाई 2019 से देय तिथि पर महंगाई भत्ते की एरियर्स राशि का समायोजन जीपीएफ, सीजीपीएफ खाता में करना प्रमुख है।

इस अवसर पर सविता छाटा, ममता प्रजापति, रामदयाल साहू, राजकुमार क्षत्रिय, नवीन मार्कंडे, गेवाराम नेताम, शैलेंद्र कौशल, शरीफबेग मिर्जा, रामेश्वर, दुष्यंत सिन्हा आदि ने संबोधित करते हुए जायज मांगों को पूरा करने पर बल दिया। धरना पश्चात सभी सदस्यों ने रैली निकाली जो सदरबाजार, गोलबाजार, घड़ीचौक, रत्नाबांधा चौक, अंबेडकर चौक, लक्ष्मीनिवास चौक होते हुए बाइक से जनपद पंचायत के पास पहुंचे। जहां से पैदल कलेक्टोरेट पहुंचकर जिलाधीश को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर बलराम तारम, नंदकुमार साहू, तीरथराज अटल, राजेश यादव, नारदराम बघेल, डा.आशीष नायक, जसवंत साहू, चेतनलाल साहू, दिनेश साहू, लुकेश साहू, नरेंद्र मिश्रा, तिलकराम साहू, कैलास सोन, टीकमचंद सिन्हा, उत्तम साहू, हरीश साहू, धर्मेंद्र साहू, शीतल नायक, कौशल चंद्राकर, नारद देवांगन, टीकाराम सिन्हा, मुरारी साहू सहित अन्य शिक्षक मौजूद थे।

# मार्निंग वाक व रनिंग करने वालों को सड़क दुर्घटनाओं से बचने की दी गई जानकारी

■ शीत ऋतु में होने वाले सड़क हादसों को रोकने पुलिस ने शुरू किया अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



जिला पुलिस ने विशेष अभियान शुरू कर शीत ऋतु में मार्निंग वाक व रनिंग करने वालों को सड़क दुर्घटनाओं से बचने की जानकारी दी।

बीते दिनों ग्राम सलोनी में हुए सड़क हादसे में मार्निंग वाक पर निकले दो लोगों की हुई मौत की घटना को ध्यान में रखते हुए यातायात पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने व शीत ऋतु में सुबह के समय कम रोशनी, धुंध व अन्य कारणों से दिखने में कमी के कारण होने वाले सड़क दुर्घटनाओं को रोकने विशेष अभियान शुरू किया गया है। जिसके तहत यातायात पेट्रोलिंग व हाईवे पेट्रोलिंग द्वारा गुरूवार को विशेष अभियान की शुरूआत करते हुए रूद्री रोड से श्यामतराई, नेशनल हाईवे में संबलपुर तक, सिहावा चौक से भोयना तक, कुरूद से मरौद तक, केरेगांव के आसपास व भखारा में सुबह टहलने व दौड़ने वाले लोगों को सड़क दुर्घटना से बचाव के लिए समझाइश दिया गया। बताया गया कि मार्ग में टहलने व दौड़ते समय मार्ग के किनारे सोल्डर पर टहलें व रन करें। स्कूल मैदान, खेल मैदान व खुली जगह में व्यायाम करें। मार्ग में लेटकर व्यायाम न करें। टहलने व दौड़ने के दौरान मोबाइल फोन, हेड फोन का प्रयोग न करें। इस दौरान चमकीले व चटकदार कपड़े पहने। झुंड बनाकर टहलने या दौड़ना न करें। अत्यधिक धुंध व कम रोशनी होने पर मार्ग में टहलने से बचें। सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने जिले के सभी थाना व चौकी प्रभारियों को अपने थाना क्षेत्रों में सुबह 5 से 9 बजे तक नियमित पेट्रोलिंग कर मार्निंग वाक कर रहे लोगों को आवश्यक समझाइश देने निर्देशित किया गया है। जिला पुलिस बल ने आमजनों से सुबह-शाम टहलने व दौड़ने के दौरान सड़क किनारे का इस्तेमाल करने, मार्ग में व्यायाम नहीं करने व यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है।

# विहिप ने किया सत्संग विस्तार कार्यक्रम का सफल आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



मगरलोड प्रखंड के ग्राम भेंडरी में विश्व हिंदू परिषद के सत्संग विस्तार सप्ताह के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रांत के सत्संग प्रमुख सुनील वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही जिले के वरिष्ठ पदाधिकारी और ग्राम के प्रतिष्ठित जनों ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में विशेष रूप से जिला उपाध्यक्ष आनंद स्वरूप मेश्राम, जिला मंत्री रामचंद्र देवांगन, अमित साहू (गरियाबंद से), और ग्राम भेंडरी के सरपंच प्रीतराम देवांगन की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के दौरान, गरियाबंद के जिला सत्संग प्रमुख भागीरथी सोनकर, अर्चक पुरोहित रुपेश सोनी, राजू साहू की उपस्थिति में बजरंग दल का नवीन गठन किया गया। इस गठन के अंतर्गत बृजमोहन साहू को अध्यक्ष नियुक्त किया गया तथा अन्य पदाधिकारियों का भी चयन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, प्रांत सत्संग प्रमुख सुनील वर्मा ने सत्संग के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, सत्संग ही जीवन का मूल मंत्र है। आज के समय में, हिंदू समाज को एकजुट और संगठित रहने की आवश्यकता है। सत्संग न केवल आपसी प्रेम और भाईचारे को बढ़ावा देता है, बल्कि यह धर्म शिक्षा, नैतिक शिक्षा और संस्कारों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। श्री वर्मा जी ने यह भी कहा कि सत्संग के माध्यम से हम समाज में शांति और सद्भावना का प्रसार कर सकते हैं, जो वर्तमान में बेहद जरूरी है।

इस सत्संग कार्यक्रम में ग्रामीण अध्यक्ष बृजमोहन साहू, मंत्री - गीताराम यादव, संयोजक संदीप यादव, सत्संग प्रमुख शत्रुघन सिन्हा, सह सत्संग प्रमुख लिलेश कुमार साहू, व्यवस्था प्रमुख - सतीश देवांगन, कार्यक्रम प्रमुख - विजय प्रकाश साहू, सम्पर्क प्रमुख- राजा देवांगन सरपंच - प्रीतराम देवांगन, राधे लाल पटेल एवं भूषण लाल साहू, बखरिया राम साहू के साथ समस्त बजरंग दल दुर्गावाहिनी के कार्यकर्ता गण एवं समस्त ग्रामवासी भेंडरी (राजिम) शामिल रहे।

## भजन और सत्संग से जीवन में संतुलन

जिला उपाध्यक्ष आनंद स्वरूप मेश्राम ने भी सत्संग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, जीवन के उतार-चढ़ाव से घिरे व्यक्ति के लिए यह आवश्यक है कि वह समय-समय पर भजन और सत्संग के माध्यम से अपने भीतर शांति और संतुलन प्राप्त करे। यह न केवल व्यक्ति को सांसारिक उलझनों से निकालता है, बल्कि उसे आत्मिक आनंद और शाश्वत सत्य से जोड़ने का मार्ग प्रदान करता है। आज के भौतिकवादी युग में सत्संग और भजन की महत्ता पहले से कहीं अधिक है।

## धार्मिक संस्कारों से दूर होता समाज एक चिंता

जिला मंत्री रामचंद्र देवांगन ने चिंता जताई कि वर्तमान में हिंदू समाज अपने धार्मिक संस्कारों, जैसे सत्संग, भजन संध्या और धर्मग्रंथों से दूर होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब अन्य धर्मों के अनुयायी अपने धर्म और शिक्षा से जुड़े रहते हैं, हिंदू समाज में यह प्रवृत्ति कमजोर हो रही है। धार्मिक ग्रंथों का अध्ययन और सत्संग समाज को नैतिकता, एकता और सांस्कृतिक जागरूकता की दिशा में प्रेरित करता है। उन्होंने युवा पीढ़ी को इन धार्मिक गतिविधियों से जोड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया ताकि वे अपने सांस्कृतिक और धार्मिक मूल्यों से जुड़े रहें और सही दिशा में प्रगति कर सकें।

# प्राचार्य पद पर पदोन्नति आदेश आचार संहिता लगने के पूर्व जारी करने की मांग

■ 3500 से अधिक शासकीय हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल में प्राचार्य के पद रिक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



छत्तीसगढ़ राज्य प्राचार्य पदोन्नति एवं व्याख्याता पदोन्नति संघर्ष मोर्चा तथा छत्तीसगढ़ राज्य सर्वशासकीय सेवक अधिकारी-कर्मचारी पदोन्नति संघर्ष मोर्चा ने प्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत कार्यरत हजारों नियमित व्याख्याता तथा प्रधान पाठकों की प्राचार्य पदोन्नति की आवाज़ को शासन तक पहुंचाने कारगर पहल की है। प्रदेश में विगत 11 वर्षों से 3500 से अधिक शासकीय हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल में प्राचार्य के रिक्त पदों पर पात्रता रखने वाले नियमित व्याख्याता तथा प्रधानपाठक माध्यमिक शाला (स्नातकोत्तर प्रशिक्षित) की प्राचार्य पद पर पदोन्नति नहीं हुई है। मोर्चा ने प्रदेश के 3500 से अधिक शासकीय हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में 11 वर्षों से रिक्त पड़े प्राचार्य के पदों पर पदोन्नति आदेश नगरीय निकाय चुनाव - त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की आचार संहिता लागू होने के पूर्व जारी करने की मांग की है। इस सबंध में संचालक लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़, इंद्रावती भवन नया रायपुर में ज्ञापन सौंपा। प्रदेश संयोजक सतीश प्रकाश सिंह ने शासन से मांग की है कि प्राचार्य पदोन्नति के तुरंत बाद टी एवं ई संवर्ग के समस्त शासकीय हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में विषयवार व्याख्याता के रिक्त समस्त पदों पर उच्च वर्ग शिक्षक तथा शिक्षक संवर्ग से व्याख्याता पद पर पदोन्नति की जाये। पूर्व माध्यमिक शालाओं एवं प्राथमिक शालाओं में रिक्त प्रधान पाठक के समस्त पदों पर सहायक शिक्षक संवर्ग, शिक्षक संवर्ग से पदोन्नति की जाये ताकि प्रदेश की समूची शिक्षा व्यवस्था सुदृढ़ हो सकेगी।

# तहसील कार्यालय का किया गया भूमिपूजन



**नगरी।** धमतरी जिला नगरी विकासखंड के तहसील भवन बेलर में भूमिपूजन कर तहसील भवन की नीव रखी गई। जिसमें मुख्य अतिथि दिनेश्वरी नेताम अध्यक्ष जपं नगरी, अध्यक्षता हुमित लिमजा उपाध्यक्ष जपं नगरी, अकबर कश्यप मंडल अध्यक्ष, सरपंच उमेंद्र दीवान, महामंत्री मनोहर मानिकपुरी, राकेश चौबे, अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष महेन्द्र नेताम, ग्राम पटेल अमरसिंह पटेल, ग्राम समिति अध्यक्ष लीलाबंर साहू, उपसरपंच पोखराज कश्यप, मंडल उपाध्यक्ष मोहन पूजारी, पूर्व जिपं सत्यवती नेताम, पूर्व युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष मौर्यध्वज सेन, उमेश साहू, अनिल साहू, शंभूनाथ साहू, अरविंद यादव, भुवनदास मानिकपुरी सहित ग्रामीण एवं पीडब्ल्यूडी के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# कोर्रा में स्वर्ण प्राशन कराया गया



**कोर्रा(भखारा)।** रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए कोर्रा के शासकीय आयुर्वेद औषधालय में बच्चों को स्वर्ण प्राशन कराया गया। आयुष विभाग द्वारा हर पुष्य नक्षत्र तिथि में शून्य से 16 वर्ष के बच्चों को स्वर्ण प्राशन कराया जाता है। यह औषधि बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, श्वसन संबंधी एवं अन्य रोगों से रक्षा करने के साथ ही एकाग्रता और स्मरण शक्ति बढ़ाने में लाभकारी है। यह बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में भी मदद करती है। गुरुवार को ग्राम कोर्रा के शासकीय आयुर्वेद औषधालय में 6 माह से 16 साल तक के बच्चो को निःशुल्क स्वर्ण प्राशन कराया गया। जिसमें 282 बच्चों को स्वास्थ्य लाभ मिला। इस दौरान सरपंच चोवा राम साहू, उपसरपंच आशीष कुमार साहू, पंच कोमल साहू, औषधालय प्रभारी ओमकार साहू, पवन कुमार साहू सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
10-15 साल की वारंटी के साथ
No. Extra Expenses
इस त्योहार बनाएं
मॉड्युलर किचन
आकर्षक ऑफर के साथ...
Gift Hamper up to 15000/-*
₹ 60,000
₹ 90,000
₹ 1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6 & 7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000

कार्यक्रम में ब्रह्मकुमारी बहनों को श्रीफल और शील्ड भेंट कर सम्मानित किया गया

# नशा एक ऐसी बुराई है जो हमारे समूल जीवन को नष्ट कर देती है : दीपिका

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी




बेलरगांव हाई स्कूल के शिक्षकों और छात्र-छात्राओं के द्वारा नशा मुक्त समाज बनाने के लिए पहल करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत ग्राम नवापारा में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रजापिता ब्रह्मकुमारीज सेंटर बेलरगांव के कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थिति प्रदान की। इस दौरान ब.कु. दीपिका ने शिविर में उपस्थित छात्रों से कहा कि नशे की लत से पीड़ित व्यक्ति परिवार के साथ समाज पर बोझ बन जाता है। युवा पीढ़ी सबसे ज्यादा नशे की लत से पीड़ित है। सरकार इन पीड़ितों को नशे के चंगुल से छुड़ाने के लिए नशा मुक्ति अभियान चलाती है। शराब और गुटखे पर रोक लगाने के प्रयास करती है। व्यसन सिर्फ खाने पीने की चीजे का ही नहीं होता बल्कि सभी तरह के काम चाहे खाने पीने से जुड़ा हुआ हो चाहे व्यवहार से या स्वयं के बिहेवियर से जुड़ा हुआ हो जिसमें इंसान का चेतन मन कॉन्शियस माइंड नहीं चाहता फिर भी वह इंसान करते चला जाता है ऐसा लगता है, जैसे चेतन मन नहीं चाहते हुए भी मजबूरन जोर देकर कराया जा रहा है। वैसे सारा कार्य जिसमें करने वाले की कोई इच्छा नहीं होने के बावजूद उन्हें कराया जाता है उस कार्य को हम एडिक्शन, आदत, व्यसन लत कहते हैं। जब व्यसन की बात होती है तो हम उसके दायरे को संकुचित ना करें सिर्फ मदिरापान का व्यसन धूम्रपान का व्यसन या किसी ड्रग्स का व्यसन या नशीली पदार्थ का व्यसन यह बातें सीमित नहीं है व्यसन वे सभी है जब इंसान ना चाहते हुए भी क्रोध में उतरता है। बुद्धि कहता है क्रोध करना गलत बात है धर्म ग्रंथ पुस्तक ज्ञानी जन भी कहते हैं क्रोध करना गलत बात है, क्रोध करना अच्छी बात नहीं है फिर भी इंसान क्रोध में उतरते चला जाता है।

इस मौके पर संस्था के वरिष्ठ कार्यकर्ता रतिराम ने कहा कि व्यसन से मुक्त होने के लिए प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में प्रतिदिन मेडिटेशन सिखलाया जाता है। जो निःशुल्क चलता है तो आप लोग भी प्रतिदिन मेडिटेशन करेंगे तो आप सब भी इससे मुक्त हो सकते है, इसके पश्चात मूलेश्वरी बहन ने मेडिटेशन कराया साथ ही सभी को नशामुक्ति का शपथ दिलाया।

कार्यक्रम में सुरेन्द्र कुमार नेताम कार्यक्रम अधिकारी, एस आर राजपूत, नूतन सिन्हा, इतेंद्र कोर्राम, श्रीमती भारती साहू, एम एन साहू, एम एल टैगोर, गोविंद सोरी, ईश्वर दास मानिकपुरी, भागी राम साहू, नाथू लाल ध्रुव सहित शिविरार्थियों की उपस्थिति रही।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्सों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### दीपावली पूर्व पेंशन राशि जारी करने की मांग



**धमतरी।** पेंशनर्स एसोसिएशन के मुख्य महाप्रबंधक सीपीसीसी रायपुर को आवेदन भेजकर मांग किया है कि छग सरकार ने प्रदेश के सभी कर्मचारियों को दीपावली के पूर्व वेतन जारी करने का आदेश जारी किया है, लेकिन पेंशनरो के लिए कोई निर्देश नहीं है। पेंशनर एसो. के प्रांतीय अध्यक्ष यशवंत देवान ने कहा कि इस वर्ष धनतेरस 29 अक्टूबर को एवं दीपावली 31 अक्टूबर को है। 25 अक्टूबर के पहले पेंशनरो को पेंशन नहीं मिलने से दीपावली की खुशियां मनाने से वे वंचित हो जाएंगे। शासन के निर्देश के मुताबिक सभी प्रदायकर्ता बैंको को अक्टूबर का पेंशन 24 अक्टूबर से भुगतान करने का निर्देश जारी करने का आग्रह किया है।

### टोल प्लाजा से बचने ग्रामीण आबादी क्षेत्र से भारी भरकम गाड़ियां चलाने से ग्रामीणों में आक्रोश

**जीजामगांव।** मरौद टोल प्लाजा से बचने के लिए बड़े बड़े ट्रक और ट्रेलर जगदलपुर से रायपुर जाने वाले भारी भरकम गाड़ी पुराने धमतरी रोड से होते हुए सेमरा मोड़ से कल्ले ग्रामीण मार्ग होते हुए हाइवे पर निकल रहे है जो कि यह ग्रामीण मार्ग है। ग्रामीणों ने बताया की टोल प्लाजा से बचने ट्रक और ट्रेलर शॉर्ट कट ले कर सरकार को रोजाना हजारों रुपए का चूना लगा रहे हैं। साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह के भारी भरकम गाड़ी चलने से दहशत का माहौल बना हुआ है। जबकि रोज ही खबरों में इन वाहनों से दुर्घटना का समाचार सुनने को मिल रहा है। इस बात को लेकर सिर्वे, अंवरी एवं कल्ले के ग्रामीणों में काफी रोष देखने को मिल रहा है। उन्होंने तत्काल ग्रामीण क्षेत्र के मार्ग पर भारी वाहनों की एंट्री बंद करने की मांग की है।

### रामसगरी तालाब स्थित गार्डन में आंगनबाड़ी भवन का विरोध

- छोटे बच्चों को तालाब से खतरा, अप्रिय घटना पर निगम होगा जिम्मेदार

**धमतरी।** रामसगरी तालाब स्थित सेंचुरी गार्डन में आंगनबाड़ी भवन निर्माण का नागरिकों ने विरोध किया है। बुधवार को नगर निगम आयुक्त के नाम ज्ञापन सौंपकर भवन निर्माण वार्ड के अन्य स्थल पर कराए जाने की मांग की गई है। मार्निंग ग्रुप रामसगरी गार्डन एवं नागरिक एसएस सोम, पवनगिरी गोस्वामी, अनिल दीवान, प्रकाश पटेल, प्रदीप गुप्ता, लक्ष्मण जग्यासी, हरीश पाठक, संदीपराव गायकवाड़, लखन सिन्हा, मुकेश पटेल आदि ने आयुक्त नगरपालिक निगम को लिखित आवेदन में कहा है कि रामसगरी तालाब स्थित सेंचुरी गार्डन के अंदर आंगनबाड़ी भवन निर्माण का कार्य प्रस्तावित है, जो कि नियमानुसार अनुचित है। आंगनबाड़ी में ढाई से पांच साल के बच्चे आते हैं। इसे तालाब परिसर के अंदर निर्माण करना चिंतनीय एवं गंभीर है। भवन का निर्माण वार्ड के अन्य स्थल पर कराना चाहिए। भविष्य में छोटे बच्चों के साथ अप्रिय घटना होती है तो पूरी जिम्मेदारी नगर निगम प्रशासन की होगी।

### फाइनल में खैरा ने दोनर को दी शिकस्त

**मगरलोड।** ग्राम लड़ेर में नव युवा कबड्डी दल एवं ग्रामवासियों के सहयोग से एक दिवसीय डे नाइट कबड्डी प्रतियोगिता रखी गई। प्रतियोगिता में दूर- दराज की टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबला खैरा व दोनर टीम के मध्य हुआ। इसमें बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए खैरा टीम ने बाजी मारी। अतिथियों ने प्रथम स्थान प्राप्त खैरा टीम को नकद राशि 8001 रुपए व ट्रॉफी, मेडल से सम्मानित किया। द्वितीय स्थान दोनर टीम को नकद राशि 5001 रुपए, तृतीय स्थान अछोटा टीम को 3001 रुपए एवं चतुर्थ स्थान भरारी टीम को नकद राशि 2001 रुपए ट्रॉफी मेडल से सम्मानित किया गया। यह जानकारी मोतीराम निषाद ने दी है।

तीन कक्षा को संभालने की जिम्मेदारी जिस शिक्षक पर है वह भी छुट्टी पर

# एक शिक्षक के भरोसे संचालित हो रहा है कुरुद का सीबीएसई स्कूल



हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

कुरुद में संचालित सीबीएसई मिडिल स्कूल की तीन कक्षाओं के बच्चे को पढ़ाने की जिम्मेदारी केवल एक शिक्षक के कंधे पर हैं। वह शिक्षक भी पिछले कई दिनों से छुट्टी पर चल रहे हैं और अब पितृत्व अवकाश के लिए आवेदन भी दे दिया है। ऐसे में बच्चों को पढ़ाने अंग्रेजी माध्यम वाला कोई भी शिक्षक नहीं है। जिससे बच्चों के शैक्षणिक स्तर में गिरावट देख पालकगण बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित है।

गौरतलब है कि नगर के स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम स्कूल के परिसर में बच्चों को अंग्रेजी माध्यम में बेहतर शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से शासन द्वारा संचालित किए जा रहे स्कूल में शिक्षकों के साथ सुविधाओं की भारी कमी है। छात्रों की कुल संख्या 19 हैं जिसमें छटवीं में 9, सातवीं में 7 और आठवीं कक्षा में 3 ही बच्चे हैं। तीनों कक्षाओं को मिलाकर 18 पीरियड्स होते हैं, जो एक शिक्षक के भरोसे हैं। शिक्षकों की कमी के चलते अब इस स्कूल से पालकों का भी मोहभंग हो रहा है। हर साल पालक अपने बच्चे की टीसी निकालने मजबूर हैं। जबकि पहले यहाँ 47 बच्चे पढ़ते थे।

### बस नाम का रह गया है अंग्रेजी मीडियम स्कूल

बच्चों के पालक संतोष चक्रधारी, ओमप्रकाश चन्द्राकर, दुष्यंत देवांगन, परस ध्रुव, युवराज दीवान, संतोष साहू, केशव राम साहू, शत्रुहन जांगड़े, राजेश साहू का कहना है कि पिछले कई महीनों से स्कूल भगवान भरोसे चल रहा है। बस नाम का अंग्रेजी मीडियम स्कूल रह गया है। शिक्षक की कमी के चलते बच्चों का कोर्स पूरा नही हो पाता है। कभी मन किया तो हिंदी मीडियम के शिक्षक बच्चों को पढ़ा देते हैं। ऐसे स्कूल में बच्चों को भेजना हमारी मजबूरी है। वहीं एक ही कक्षा में तीनों कक्षाओं को बिठाया जा रहा है। शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को लेकर अभिभावकों में रोष व्याप्त है।




### विषय शिक्षक नहीं होने से पढ़ाई हो रही प्रभावित

शासकीय सीबीएसई अंग्रेजी माध्यम पूर्व माध्यमिक शाला कुरुद में शाला संचालन हेतु वर्तमान में एक मात्र शिक्षक के रुप में मनीष कुमार सिन्हा, शिक्षक अंग्रेजी माध्यम कार्यरत है। कक्षा छठवीं से आठवीं तक सभी कक्षाओं का संचालन एवं सभी विषयों का अध्यापन एक मात्र शिक्षक द्वारा किए जाने से विषयों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। विद्यालय के अन्य कार्य जैसे मध्यान्ह भोजन, सतत मूल्यांकन, जाति, निवास, छात्रवृत्ति आवश्यक जानकारी को पूर्ण करने में समस्याओं का सामना कर पड़ रहा है। संस्था में न सिर्फ शिक्षकों की कमी है बल्कि अध्यापन कक्ष भी उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण विद्यार्थियों को हिन्दी माध्यम के विद्यार्थियों के साथ बैठाकर पढ़ाना पड़ रहा है, जिससे शिक्षा गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। संस्था प्रमुख द्वारा 26 सितम्बर को लिखित रूप से शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों को अवगत भी करा दिया गया है। वही शाला विकास समिति के अध्यक्ष संतोष चक्रधारी एवं पालकों ने बीईओ कुरूद को ज्ञापन सौंपकर शिक्षकों की व्यवस्था करने की मांग की है।

### प्रपोजल भेजा गया

वर्तमान में यह संस्था बालक मिडिल स्कूल के साथ संचालित हो रही है जहां 05 शिक्षक है। सीबीएसई के लिए एक अतिरिक्त शिक्षक मिलाकर यहाँ कुल 06 शिक्षक है। बावजूद सीबीएसई बोर्ड की पाठ्यक्रम को अगर पढ़ाने में उक्त शिक्षकों को असुविधा हो रही हो तो उसके लिए हमने पहले से ही अंग्रेजी माध्यम के विषयवार शिक्षक नियुक्ति के लिए उच्च अधिकारियों को पत्र प्रेषित कर दिए हैं ताकि भविष्य में कोई दिक्कत अध्ययन अध्यापन में न हो। अन्य सुविधाओं के विस्तार के लिए भी प्रपोजल भेजा गया है।

- **सीके साहू**, *प्रभारी बीईओ कुरुद*

# दाना तूफान मचा सकता है कहर, अलर्ट जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

दाना तूफान का कहर किसानों पर टूट सकता है। मौसम विभाग ने बारिश को लेकर छत्तीसगढ़ के कई इलाकों में अलर्ट जारी किया है। मध्य और दक्षिण छत्तीसगढ़ में येलो अलर्ट है, ऐसे में धमतरी में भी बारिश होने की आशंका है। तेज हवाएं भी चल सकती है।

उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी में उठा प्रचंड चक्रवाती तूफान किसानों के लिए मुसीबत लेकर आ सकता है। इस मुसीबत की शुरूआत आज से हो सकती है, जो दिवाली से पहले यानि 28 अक्टूबर तक जारी रह सकती है। मौसम विभाग की माने तो 25-26 अक्टूबर को उत्तर व मध्य छत्तीसगढ़ में कुछ स्थानों पर बारिश हो सकती है। 26 अक्टूबर को मध्य एवं दक्षिण छत्तीसगढ़ में आसमान मेघमय रहेगा व कई स्थानों पर बारिश हो सकती है। तेज हवाएं भी चलेंगी।

मौसम का यह तेवर फसल पर मुसीबत बनकर टूट सकता है। उल्लेखनीय है कि जिले में ही किसानों ने करीब 1 लाख 40 हजार हेक्टेयर में धान की फसल लगाई है। इसमें से 60 प्रतिशत से अधिक फसल हरूना वेरायटी की है। जो पककर तैयार है।

किसान इस वेरायटी के धान की कटाई मिंजाई में व्यस्त हैं। कहीं खरही तैयार की जा रही है, तो कहीं पर हार्वेस्टर से मिंजाई कर धान को धूप में सुखाया जा रहा है। ऐसे में मौसम का मिजाज किसानों के लिए परेशानी का सबब बन सकता है। बारिश होती है तो दोनों ही स्थिति की फसल को नुकसान होगा।

### किसानों की बढ़ेगी मुसीबत, फसलों को होगा नुकसान

#### खड़ी फसल में भी खतरा

लेट वेरायटी के धान की कटाई में अभी समय है, लेकिन मौसम के कहर से ये फसल भी सुरक्षित नहीं रह पाएंगे। इन वेरायटी की फसलों में बालियां भर चुकी हैं। ऐसे में तेज हवा बारिश से ये फसल चटाई बन सकती हैं। यही नहीं इस साल माहो का प्रकोप काफी अधिक है। ऐसे में मौसम में माहों की संख्या और बढ़ेगी। वह जमीन पर लेट चुकी फसलों पर माहों का नियंत्रण असंभव सा है।

#### कहां है अभी तूफान

बुधवार को बंगाल की खाड़ी में उत्तर, पश्चिम और उससे लगे मध्य बंगाल की खाड़ी में प्रचंड तूफान दाना आया। यह तूफान उत्तर और पश्चिम की ओर बढ़ गया है। अभी यह उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी के उपर केंद्रित है। संभावना है कि रात में ही यह तूफान पुरी और सागर द्वीप के बीच उत्तरी उड़ीसा और पश्चित बंगाल के तटों को भितरकनिका और धामरा के पास पार कर लेगा। इस दौरान वहां पर 100 किमी से ज्यादा तेज हवाएं चलेंगी। इसके असर से छत्तीसगढ़ के कई इलाकों में 20-30 किमी तेज हवाएं चलने की आशंका है। वज्रपात की चेतावनी भी जारी की गई है।

# मां अंगारमोती मंदिर में विकास कार्य की मांग को लेकर विस अध्यक्ष से भेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से शासकीय कर्मचारियों को अनुकंपा नियुक्ति में प्रमोशन के साथ आरक्षण और स्थानीय लोगों की भर्ती, मां अंगार मोती ट्रस्ट को सुव्यवस्थित विकास की मांग को लेकर एक प्रतिनिधि मंडल गुरूवार को मिला।

भेट मुलाकात के बाद विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने अंगारमोती मंदिर में संपूर्ण विकास हेतु शासन को निर्देश देने का आश्वासन दिया है। उन्होंने आगे कहा है कि मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं की मूलभूत सुविधा छाया, पानी, शौचालय आदि हेतु राज्य शासन से चर्चा कर संपूर्ण विकास करवाया जायेगा।



इस भेंट मुलाकात में ट्रस्ट के अध्यक्ष जीवराखन मरई, नकुल नेताम, डोमन सिंह ध्रुव आदि उपस्थित थे।

## कोपेडीह में अवैध कच्ची महुआ शराब बनाकर बिक्री करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

मुखबिर की सूचना पर भखारा थाना ने रामपुर,कोपेडीह में अवैध कच्ची महुआ शराब बिक्री कर रहे लोगों पर छापेमारी कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर भखारा पुलिस एवं सायबर टीम द्वारा ग्राम रामपुर एवं कोपेडीह में छापेमारी कार्रवाई करते हुए। राजेश कुमार कुर्रे पिता बिसालिक राम कुर्रे उम्र 42 वर्ष सा. कोपेडीह, रामेश्वरी देशलहरे पति सोनउ राम देशलहरे उम्र 49 वर्ष साकिन वार्ड कमांक 01 कोपेडीह को अवैध रुप से बिक्री करते रंगे हाथ पकड़े जाने पर थाना भखारा ने दोनों आरोपियों के विरूद्ध 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध कायम कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपियों के कब्जे से 56 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 5600/-रूपये बिक्री रकम 300/- रुपये जुमला कीमती 5900/- रूपये जप्त किया गया है इस संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी भखारा, साइबर प्रभारी थाना भखारा स्टॉफ एवं साइबर टीम का विशेष योगदान रहा।

## राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित तुषार का एमबीबीएस में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



स्काउट गाइड में राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित तुषार हिरवानी का एमबीबीएस में चयन हुआ है। तुषार की इस सफलता पर इष्टमित्र सहित परिवारजनों ने हर्ष व्यक्त किया है। नूतन हायर सेकेंडरी इंग्लिश मिडियम स्कूल धमतरी से प्राथमिक से 12वी कक्षा की पढ़ाई करने वाले तुषार पिता रमेश हिरवानी का चयन एमबीबीएस के लिए हो गया है। तुषार हिरवानी ने बताया कि 2024 नीट परीक्षा के बाद उनका चयन एबीबीएस के लिए हुआ है। वह श्रीरावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साईंस एंड रिसर्च में पढ़ाई करेंगे। उनकी सफलता पर ख्याति प्राप्त बाडी बिल्डर रमेश हिरवानी, नूतन हिरवानी, लक्ष्मण प्रसाद, शांतिदेवी, चिरंजीवी, हरीश, संध्या, खिलावन रिगरी, अभिषेक समन, रचना समन, शीतल समन, लीलादेवी, सुनील जलछत्री, वैभव ध्रुव, योगेश सोनकर, बब्बू यादव, मयंक सोनकर आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

### नगरी से 26 दर्शनार्थी अयोध्या रवाना

**नगरी।** रामलला दर्शन योजना अंतर्गत जनपद पंचायत नगरी से 26 दर्शनार्थी अयोध्या रवाना हुए। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

## भखारा क्षेत्र में पटाखे की अवैध बिक्री

- ग्राहकों से पटाखों का मनमाना मूल्य वसूला जा रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)

क्षेत्र में बिना लाइसेंस के पटाखे की अवैध बिक्री जोरो पर हो रही है। पटाखा व्यापारी मनमानी दर पर पटाखे की बिक्री कर रहे हैं। गांवों में छोटे-छोटे किराना व्यापारी बिना लाइसेंस के अपनी दुकान में बिना सुरक्षा व्यवस्था के पटाखों का स्टॉक जाम करके रखे हुए हैं। उसके बाद मनमानी दर पर पटाखे की बिक्री कर, मोटी रकम कमाने के चक्कर में जनता को लूट रहे हैं। वहीं क्षेत्र के नगर पंचायत क्षेत्र में भी पटाखे की अवैध रूप से बिक्री जारी है। बिना लाइसेंस के सुरक्षा व्यवस्था को दरकिनार करते हुए व्यापारी वर्ग पटाखों का स्टॉक जाम करके रखे हैं। अपनी मनमानी दर से पटाखे की बिक्री कर आम जनता से मोटी रकम कमा रहे हैं।

पटाखे की अवैध बिक्री पर आम लोगों का तो मानना है कि अधिकारियों की मिली भगत से इस प्रकार का अवैध धंधा पनप रहा है जिनका



भुगतान आम जनता को मोटी रकम चुका कर करना पड़ रहा है। क्योंकि त्यौहार का दौर है और दिवाली में पटाखे फोड़ कर पटाखे जलाकर ही अपनी खुशियों का इजहार करते हैं। इसलिए इस त्यौहार में अमीर हो या गरीब सभी लोग पटाखे खरीदते हैं। जिसका फायदा उठाकर व्यापारी लोग मोटी रकम कमा रहे हैं। शासन के द्वारा पटाखों का मूल्य निर्धारण नहीं होने के कारण पटाखा व्यापारी मनमानी दर से पटाखे बेच रहे हैं। जिनका भुगतान आम जनता को करना पड़ रहा है। शासन को चाहिए की अवैध रूप से बिना लाइसेंस के पटाखा बेच रहे हैं उनको जप्त किया जाए और लाइसेंस धारियों को ही पटाखा बेचने एक निर्धारित जगह उपलब्ध कराया जाए। ताकि अवैध बिक्री पर रोक लगाया जा सके।

## बारना स्कूल में बच्चों को दी मानसिक स्वास्थ्य की जानकारी

**धमतरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बारना में मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र- छात्राओं ने हिस्सा लिया। इन्हें मानसिक स्वास्थ्य की पहचान और निवारण संबंधित जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अतिथि सेजेस कंडेल हिंदी माध्यम की व्याख्याता सुश्री हेमलता सोनी थीं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना, मानसिक बीमारियों को रोकना, मानसिक रोगों से उबरने में सहायता प्रदान करना, विकलांगता और सामाजिक अलगाव की रोकथाम करना और मानसिक बीमारियों से पीड़ित लोगों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति सुनिश्चित करनी है।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - घातुस्त्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

# दीपावली में मिट्टी के दीये जलाने का आह्वान



**सांकरा।** छत्तीसगढ़ में पारंपरिक रूप से मिट्टी के बर्तन बनाने वाले कुंभकारों की आर्थिक स्थिति मजबूत बनाने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत मुनईकेरा के सरपंच महेन्द्र नेताम ने क्षेत्रवासियों से निवेदन किया है कि दीपावली के अवसर पर मिट्टी के ही दीये जलायें। आज हमारे स्थानीय कुम्हारों के पास रोजी रोटी का संकट पैदा हो गया है। अधिकतर कारीगर अपने मूल व्यवसाय को छोड़ते जा रहे हैं इन्हें वापस लाने की जरूरत है। महेन्द्र नेताम ने लोगों से अपील की है कि दिखावे के चक्कर में विदेशी चाइनीस झालर लगाकर पैसे की बर्बादी ना करें। झालर से बिजली की खपत ज्यादा होती है। भारतीय एवं छत्तीसगढ़िया त्यौहार में स्थानीय एवं देश का ही सामान खरीदें जिसे स्थानीय लोगों का लाभ हो। दीपावली के अवसर पर अपने अपने घर में मिट्टी के दीए जलाकर कुम्हारों के चेहरे में मुस्कान लाने हेतु मदद करें। साथ ही अनावश्यक पटाखे न छोड़ें जिससे पर्यावरण को नुकसान हो। पूजा के बाद प्रतीकात्मक रूप से ही पटाखे फोड़ें। पर्यावरण संरक्षण हम सबका दायित्व है।

### सिहावा विस में भाजपा का सदस्यता अभियान तेज

**नगरी।** सिहावा विधानसभा क्षेत्र के नगरी मंडल अन्तर्गत गोपी कश्यप और रूपेन्द्र कुमार साहू द्वारा सक्रिय सदस्य बनाया जा रहा है। 21 अक्टूबर को भाजपा नगरी मंडल के अन्तर्गत सभी सक्रिय सदस्यों को रसीद काटकर दिया गया। मौके पर गोपी कश्यप सक्रिय सदस्य, रूपेन्द्र साहू सदस्यता अभियान सहसंयोजक, गिरिजाशंकर नाग, रवेन्द्र साहू, रैनलाल देव, अशवत कुंजाम, राजा पवार, नरेंद्र नाग, रोशन ग्वाल, रेणुका ध्रुव, विनय साहू समेत अन्य मौजूद रहे।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर

होंठों को पतला - मोटा करें और आकर्षक बनायें.
इंजेक्शन व लेसर द्वारा
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)

डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

नत्थू जी जगताप उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी में आयोजन

# गायत्री परिवार का नशामुक्त भारत अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गायत्री परिवार जिला धमतरी द्वारा शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नत्थू जी जगताप उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी में कक्षा नवमी से 12 वीं तक के 120 छात्रों को नशा नहीं करने का संकल्प कराया गया। अभियान से प्रभावित होकर तत्काल 16 छात्रों ने मंच पर आकर जीवन भर नशा नहीं करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर जिला समन्वयक दिलीप नाग ने कहा कि भावी पीढ़ी को नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए तैयार करना है। नशा नाश की






जड़ है। नशा से तन, मन और धन की बरबादी के साथ, टी.बी.कैंसर जैसे जानलेवा बीमारी होती है। गायत्री परिवार द्वारा अभियान चलाकर लोगों को नशा से होने वाली हानि की जानकारी देना, उन्हें नशा छोड़ने के लिए निवेदन करना है। साथ में स्वस्थ, निरोग और खुशहाल जीवन जीने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत पिछले 10 माह में तीन हजार से ज्यादा लोगों को नशा छोड़ने प्रेरित कर संकल्प करा चुके हैं। कार्यक्रम में किशोर कौशल अभियान प्रभारी नारायण कौशिक ने कहा कि व्यक्ति जैसा सोचता है वैसा ही करता है और वह वैसा ही बन जाता है। हमें सकारात्मक सोच के साथ श्रेष्ठ व्यक्ति बनने के लिए आगे बढ़ना है। हमें स्वास्थ्य नियमों का पालन करते हुए नशा छोड़ने का संकल्प लेना है। संकल्प का कोई विकल्प नहीं होता। कार्यक्रम से प्रभावित होकर तत्काल 16 छात्रों ने जीवन भर नशा नहीं करने का संकल्प लिया। जिसमें राहुल देवांगन, चैतन्य कौशिक, शिवराज देवांगन, योगेश ढीमर, विकास साहू, दानवीर नेताम, रुपेश देवांगन, सनी चन्द्रवंशी, योगराज देवांगन, किशन सिन्हा, खुशहाल साहू, छबिलाल साहू, लोकेश पाण्डेय, साहिल ध्रुव, भोमराज साहू, हर्ष देवांगन शामिल हैं। कार्यक्रम में संस्था की प्राचार्या डॉ श्रीमती अन्नपूर्णा सिन्हा, वरिष्ठ परिजन डॉ रामचंद्र मेश्राम, लक्ष्मण यादव, ब्लाक समन्वयक उगेश बंसोर ,व्याख्याता गण टी.एल.ध्रुव, डॉ कमलेश तिवारी, हरीश सिन्हा, राहुल चौरे, चन्द्रशेखर साहू, गिरीश गजपाल और अशोक सिन्हा सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com

Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
स्पेशल ट्रेन से
11 जनवरी से 17 जनवरी 2025, 18 मई से 24 मई 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411